website link : https://mib.gov.in/

**सं. N-41015/6/2025-बीसी-III**

**भारत सरकार**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

*****

**शास्त्री भवन, नई दिल्ली**

**दिनांक: 25 जनवरी, 2026**

सेवा मे,

सभी प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनल

सभी टीवी चैनलों को यह सूचित किया जाता है कि लोक प्रसारक, दूरदर्शन ने अवगत कराया है कि डीडी भारती/डीडी न्यूज अपने चैनल पर दिनांक 25 जनवरी, 2026 को माननीय राष्ट्रपति जी के राष्ट्र के नाम संदेश की सांकेतिक भाषा व्याख्या (साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन) सांय 7:00 बजे से (कार्यक्रम की समाप्ति तक) प्रसारित करेंगे। इसके अलावा, यह भी उल्लेख किया गया है कि दिनांक 26 जनवरी, 2026 को डीडी भारती अपने चैनल पर प्रातः 09:30 बजे से (कार्यक्रम की समाप्ति तक) गणतंत्र दिवस परेड की कमेंट्री की सांकेतिक भाषा व्याख्या प्रसारित करेगा।

2. डीडी न्यूज/डीडी भारती की फीड निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इसलिए, सभी टीवी चैनलों से अनुरोध है कि वे दिव्यांगजनों के लाभार्थ और इस कार्यक्रम को सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए दिनांक 25 जनवरी, 2026 को भारत की माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण और दिनांक 26 जनवरी, 2026 को गणतंत्र दिवस परेड का कमेंट्री सहित डीडी भारती/डीडी न्यूज के फीड के माध्यम से सीधा प्रसारण करें जिसमें सांकेतिक भाषा व्याख्या और अंग्रेजी/हिंदी क्लोज्ड कैप्शन होंगे।

25/01/2026

(अर्पिता एस)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23380119

**प्रतिलिपि**:

1. अध्यक्ष, द इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन (आईबीडीएफ), नई दिल्ली
2. अध्यक्ष, न्यूज ब्रॉडकास्टर्स फेडरेशन (एनबीएफ), नई दिल्ली
3. समाचार प्रसारकों के अन्य संघ
4. सीईओ, प्रसार भारती
5. महानिदेशक, दूरदर्शन
6. महानिदेशक, डीडी न्यूज